# प्रादेशिक समाचार
## 05.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगायी, कहा–संगम पर स्नान करना दिव्य जुड़ाव का क्षण।

2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड से 15 सौ जनजातीय युवाओं के दल को प्रयागराज के लिए किया रवाना, कल जनजातीय समागम में देशभर के 25 हजार जनजातीय समुदाय के श्रद्धालु होंगे शामिल।

3. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में हुए शामिल, समिट में मुख्यमंत्री ने झारखंड के व्यापारिक अवसरों पर की चर्चा।

4. चतरा में शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी हुए भाामिल।

5. खूंटी में आज से तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन शुरू, जिलेभर के खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में दिखा रहे प्रतिभा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान करना दिव्य जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह वे भी भक्ति की भावना से भर गए। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी।

*******************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज रांची–टुंडला महाकुंभ स्पेशल ट्रेन से झारखंड से 15 सौ जनजातीय युवाओं के दल को प्रयागराज के लिए रवाना किया। ये युवा कल से दस फ़रवरी तक होने वाले जनजातीय समागम में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए हैं। एक संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने बताया कि जनजातीय समागम में देशभर के 25 हजार आदिवासी श्रद्धालु शामिल होंगे। मौके पर उन्होंने नमो बुक बैंक का उल्लेख किया जिसमें अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक पुस्तकें संग्रहित और वितरित की जा चुकी हैं।

*******************

पलामू जिले में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 और 12 फरवरी को दुबियाखांड़ में आयोजित होगा, जिसमें जनजातीय संस्कृति और विकास पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मेले में 40 से अधिक स्टॉल लगेंगे, जहां सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचेगा, साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में मेले में यातायात प्रबंधन, सुरक्षा और पेयजल व्यवस्था के लिए बैठक हुई।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट–2025 के आठवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस समिट का आयोजन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने देश–विदेश से आए प्रतिनिधियों, उद्यमियों और निवेशकों को संबोधित किया और झारखंड राज्य के व्यापारिक अवसरों पर भी चर्चा की।

*******************

रामगढ़ जिले में अबुआ आवास योजना के तहत 600 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। वित्तीय वर्ष 2023–24 में 4236 आवास स्वीकृत किए गए थे, जबकि 2024–25 में 5780 आवासों की मंजूरी मिली है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित समारोह में विधायक ममता देवी, डीडीसी रोबिन टोप्पो और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मौके पर विधायक ममता देवी ने इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए मुख्यमंत्री और प्रशासन का आभार जताया।

*******************

चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के 168वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा और परिचर्चा का आयोजन हुआ। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार रोजगार को प्राथमिकता दे रही है।

*******************

गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड में राज्य का एक मात्र राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय अब और भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

*******************

रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के कतरपा गांव में चाचा–भतीजे की गोली मारकर हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने एनएच–23 जाम कर दिया जिसके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। मौके पर ग्रामीण एसपी अमित अग्रवाल ने बताया कि 14 थानों की टीम गठित कर हत्यारों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

******************

झारखंड में पहली बार खेल और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। इसका आयोजन 6 फरवरी को रांची विश्वविद्यालय में किया जाएगा जिसमें राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। वाईस चांसलर प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने इसे ऐतिहासिक आयोजन बताते हुए जानकारी दी कि समारोह में खेल और संस्कृति के क्षेत्र में कुल 156 पदक दिए जाएंगे, जिसमें 11 स्वर्ण, 82 रजत और 63 कांस्य पदक शामिल हैं।

*******************

खूंटी जिला प्रशासन द्वारा आज से तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन बिरसा कॉलेज एस्ट्रो टर्फ और फुटबॉल ग्राउंड में किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने किया। जिले के छह प्रखंडों से आए फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स के प्रतिभागी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। महोत्सव के अंतिम दिन विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

*******समाप्त*******